दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 177 मुरादाबाद 22 October 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## बदरी केदार को नमन कर पीएम ने दी दिवाली की शुभकामना, लगे मोदी-मोदी के नारे




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के दौरे पर हैं। केदारनाथ के बाद प्रधानमंत्री ने बदरीनाथ में भगवान बदरीश की पूजा की। बदरीनाथ में पूजा अर्चना करने के बाद प्रधानमंत्री माणा गांव पहुंचे। उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। कहा कि माणा पास तक सड़क बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने केदारनाथ, बदरीनाथ व माणा में 3400 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें केदारनाथ व हेमकुंड साहिब रोपवे और चीन सीमा से लगे माणा क्षेत्र में दो राजमार्गों से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। अपने संबोधन के आखिर में प्रधानमंत्री ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और जय बाबा केदार व बदरीविशाल के जयकारों के साथ अपना सम्बोधन समाप्त किया। इसके बाद जनसभा स्थल मोदी-मोदी के जयकारों को गूंज उठा। कहा कि देश के सीमा से सटे इलाकों को सड़कों से जोड़ा जा रहा है। पहाड़ों पर सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए, सागरमाला, भारतमाला की तर्ज पर पर्वतमाला का काम आगे बढ़ रहा है। कहा कि माणा पास तक जो सड़क बनेगी उससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लोग अब बदरीनाथ से सीधा नहीं लौटेंगे, माणा की खूबसूरती का आनंद लेने आएंगे। सेना के जवानों की आवाजाही भी सरल होगी। कहा कि कोरोनकाल में यदि पहले की सरकारें होती तो शायद माणा में अब तक वैक्सीन नहीं आती। लेकिन ये मोदी है। कोरोना से तेजी से वैक्सीन पहाड़ों में पहुंचाई गई। मैं राज्य सरकार को बधाई देता हूं। उत्तराखंड और हिमाचल ने सबसे पहले वैक्सीन का काम पूरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम पहाड़ों में सुविधाएं पहुंचाने को प्रतिबद्ध हैं। पहाड़ के लोगों की ऊर्जा व्यर्थ जाए ये हमें मंजूर नहीं है। गांव-गांव तक बिजली पहुंच गई है। दूरस्थ क्षेत्रों में शौचालय बन गए हैं। यहां अंतिम गांव में डिजिटल पेमेंट किए जा रहे हैं।माताओं बहनों के स्टॉल के आगे पेमेंट के लिए क्यूआर कोड लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा में आप जीतना खर्च करते हैं उसके पांच प्रतिशत भाग से स्थानीय उत्पाद जरूर खरीदें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उससे इन सीमांत गांवों का विकास होगा और मन में संतोष होगा। जब आप घर पर बताएंगे कि यह उत्पाद एक बूढ़ी मां से खरीदा है तो आपको खुशी और संतोष होगा। आपके घर में वह उत्पाद है तो दूसरा खरीद लीजिए, किसी को भेंट दे दीजिए, लेकिन वहां से स्थानीय उत्पाद जरूर खरीदिए। कहा कि पहाड़ के लोगों की यह पहचान होती है कि वह बहुत मेहनती होते हैं। कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि विकास और आस्था का केंद्र बन रही है। केदारनाथ में जहां सीजन में पांच लाख श्रद्धालु आते थे, अब यह संख्या 45 लाख तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां काम करना कठिन है, लेकिन हम बाबा केदार से, बदरी विशाल से और हेमकुंड साहिब से प्रार्थना करते रहेंगे कि यह रोप वे का कार्य समय पर और सुरक्षित ढंग से पूरा हो जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो इस प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे हैं, उन्हें मजदूर नहीं समझना, बल्कि भाई बहन की तरह संभालना। वह मजदूर नहीं है कि जो केवल पैसा मिल रहा है इसलिए कार्य कर रहे हैं। वह सिर्फ सेवाभाव से कार्य कर रहे हैं। आप हर बार प्रार्थना करें कि पूरे कार्य के दौरान कोई दुर्घटना न हो। प्रार्थना करें कि इस प्रोजेक्ट में कार्य करने वाले सुरक्षित रहें।उन्होंने कहा कि यूके, जर्मनी, कनाडा में उत्सव मनाया जा रहा होगा कि हेमकुंड साहिब के लिए रोप वे बनने जा रहा है। विकास के इन प्रोजेक्ट के लिए मैं उत्तराखंड और देश-विदेश के आस्थावान सभी लोगों को बधाई देता हूं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतिम गांव माणा के महत्व पर प्रकाश डाला। माणा की मिट्टी और जनता के आशीर्वाद से ही उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। कहा कि मैं राज्य में नई सरकार बनने के बाद सार्वजनिक कार्य में पहली बार आया हूं। 21वीं सदी में भारत निर्माण के प्रमुख स्तंभ अपनी विरासत पर गर्व व विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। आज उत्तराखंड इन दोनों पर कार्य कर रहा है। परमात्मा ने जो काम दिया है वह मुझे करना होता है। यहां मुझे दो रोपवे के शिलान्यास का सौभाग्य मिला है। सीमा पर बसा देश का हर गांव देश का पहला गांव-प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कहे अनुसार अब तो मेरे लिए भी सीमा पर बसा देश का हर गांव देश का पहला गांव और यहां बसे लोग देश से सच्चे प्रहरी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछली बार मैंने कहा था यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे इन शब्दों पर बाबा केदार, बदरीविशाल और मां गंगा का आशीर्वाद बना रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जय बदरीविशाल और जय बाबा केदार के जयकारों के साथ अपना संबोधन शुरू किया। दिखाई गई। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वैसे तो माणा को अंतिम गांव कहते हैं लेकिन मैं इसे पहला गांव मानता हूं। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री का सानिध्य मिल रहा है। उनके नेतृत्व में हम सहयात्री हैं, जिनका लक्ष्य भारत को विश्व गुरु बनाना है। सरस मेले के निरीक्षण के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसभा स्थल पहुंचे। यहां उन्हें सुनने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ मौजूद रही। इस दौरान पीएम मोदी जिंदबाद के नारे लगते रहे। प्रधानमंत्री ने माणा में सरस मेले का निरीक्षण किया।

## पुलिस स्मृति दिवस पर गरजे योगी, कोई क्रिमिनल बाहर नहीं, जेल में या मारा गया



पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को नमन करने के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ कानून से खिलवाड़ करने वालों पर जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि आज यूपी में कोई भी अपराधी स्वच्छंद नहीं, या तो जेल में है या फिर मारा गया। अपराध और अपराधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति और पुलिस की सक्रियता का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध समाप्त हो गया है। प्रदेश में महिलाएं- बालिकाएं, कमजोर वर्ग और व्यापारी आज सुकून से हैं। हर पर्व-त्योहार शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हो रहा है। समाज में समरसता है।

सीएम ने बताया कि यूपी में अलग-अलग मुठभेड़ों में 166 दुर्दांत अपराधी मारे जा चुके हैं। बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस की कोशिशों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए अब तक 44 अरब 59 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई है। ऐसी जमीनों पर अब बेटियों के लिए स्कूल या गरीबों के लिए घर बन रहे हैं। सीएम ने कहा कि 30 मार्च 2017 से 13 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश भर 166 दुर्दांत अपराधी मारे गए। जबकि 4453 घायल हुए। 58,648 पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई और 807 पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई। 50 कुख्यात माफियाओं और उनके सदस्यों की लगभग 2268 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई। इसमें एक माफिया और उसके आठ साथी मुठभेड़ में मारे भी गए। 39 को आजीवन कारावास की सजा हुआ है तो अदालत में प्रभावी पैरवी के जरिए दो अपराधियों को फांसी की सजा भी दिलाई गई। इसी अवधि में हमारे 13 जवान शहीद भी हुए।

### एक वर्ष में शहीद हुए सात पुलिसकर्मी

सीएम योगी ने बताया कि एक सितंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 की अवधि में कर्तव्य की बेदी पर देश में 264 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए।

इनमें उत्तर प्रदेश के 07 पुलिसकर्मी क्रमशः उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा, उपनिरीक्षक कादिर खां, मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी सुमित कुमार, आरक्षी ललित कुमार और आरक्षी मनीष कुमार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पालन में आत्म बलिदान करने वाले इन वीरों के पराक्रम से प्रदेश का सम्पूर्ण पुलिस बल गौरवान्वित है। इन वीर पुलिस कर्मियों का त्याग और बलिदान देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण बनकर हमारी भावी पीढ़ी को सदैव कर्तव्य परायणता के मार्ग पर निर्भीकता के साथ अनुगमन की प्रेरणा देता रहेगा। हमारे पुलिस कर्मियों का यह बलिदान उनकी सच्ची समर्पण भावना और कर्तव्य परायणता का प्रतीक है और कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति उनकी संकल्पबद्धता को दर्शाता है।

# कार्यवाही ना करने के हजारों है बहाने, लगातार संज्ञान मिलने के बाद भी नहीं होती कोई कारंवाई

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




अलीगढ़- कुछ हफ्ते पहले एक क्यों ना लिखूं सच पेपर में फर्जी और इंश्योरेंस अथवा रजिस्ट्रेशन समाप्त हुई एंबुलेंस दौड़ने की खबर प्रकाशित की गई थी। सूत्रों की माने तो जनपद में करीब 300 से अधिक फर्जी एंबुलेंस हैं जो कि किसी भी मानक पर पूर्ण नहीं है। ना तो उनका इंश्योरेंस है ना ही रजिस्ट्रेशन है और ना ही पोलूशन है। और तो और एंबुलेंस किसी व्यक्तिगत नाम पर रजिस्टर नहीं हो सकती है जबकि सैकड़ों एंबुलेंस किसी व्यक्तिगत नाम पर ही रजिस्ट्रेशन है, और तमाम एंबुलेंस एलपीजी गैस कनेक्शन को लेकर भी संचालित की जा रही हैं। इस बारे में जब अधिकारियों से बात की जाती है तो हमेशा जवाब वही रहता है की कार्रवाई की जाएगी। मामला संज्ञान में आया है कुछ हॉस्पिटलों में तो डिलीवरी वेन को ही एंबुलेंस बनाकर चलाया जा रहा है। जबकि यह सरासर गैर क़ानूनी है । एंबुलेंस कंपनी से ही पास होकर आती है जिसके साथ कंपनी द्वारा दिया गया बाइस नंबर फॉर्म सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में दस्तावेज पूर्ण करने के लिए जमा किया जाता है। किंतु डिलीवरी वेन एक डिलीवरी वेन ही होती है जो कि एंबुलेंस के कार्य में बिल्कुल भी नहीं ली जा सकती । फिर भी भ्रष्टाचार के चलते यह डिलीवरी वेन एंबुलेंस में पास की जाती हैं और मरीजों एवं उनके तीमारदारों की जिंदगी से खेलने के लिए निजी चिकित्सालय से संबंध कर दी जाती हैं। ऐसे ही एक मामले में रामघाट रोड स्थित एक एंबुलेंस प्रतिष्ठान की वाहन पिछले कुछ दिन पहले यमुना एक्सप्रेस वे पर दुर्घटनाग्रस्त हुई थी जिसका अभी तक कोई भी क्लेम नही मिला है और शायद मिलेगा भी नहीं । क्योंकि वह डिलीवरी थी जो कि एंबुलेंस में तब्दील करवाई गई थी। जनपद में मेडिकल कॉलेज, पोस्टमार्टम हाउस, मलखान सिंह चिकित्सालय, दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय एवं अन्य सैकड़ों निजी अस्पतालों से ऐसी फर्जी एंबुलेंस संचालित हो रही हैं जिन में मरीजों को लाने ले जाने के नाम पर यह घिनौना खेल खेला जा रहा है। बात करें अगर कार्रवाई की ,तो परिणाम शून्यमात्र हैं।अन्य प्रकरण जैसे डग्गेमार बसें ,चार पहिया डग्गेमार वाहन ओवरलोड आदि में भी यही स्थिति बरकरार है ।

# मोहन नगर में गलियों का निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए इसकी- ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने ग्राम धनीपुर वार्ड नंबर 36 मोहन नगर का दौरा किया जनता की समस्याएं सुनी जनता के साथ क्षेत्र में हर गली का निरीक्षण किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह जन समस्याएं देखने के बाद कहा कि मोहन नगर के अधिकांश रास्ते विकास कार्य से वंचित पाए जनता ने बताया है कि नगर निगम ने शिकायत के बावजूद भी इस सड़क पर निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित नहीं किया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि जिन रास्तों का भ्रमण किया है वह रास्तों पर बरसात का पानी कितना भर जाता है कि लोग किराए पर रहने के लिए मजबूर होते हैं नगर निगम के अधिकारी जनता की समस्याओं का निस्तारण करने की बजाय लोगो से जमकर चक्कर लगवाए हैं फिर भी समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया मोहल्ले के सैकड़ों लोग एवं महिलाएं उपस्थित राही एक रास्ता विभाग से बनवाई जा रही है उसकी धीमी गति के कारण वो रास्ता पूरी नहीं हो पाई है ठेकेदार 1 दिन बना जाता है कम से कम 10 से 12 दिन रास्ते की तरफ नहीं आता है इसलिए धीमी गति के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अभी नगर निगम के अधिकारियों को शायद अब यह पता नहीं है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है रास्ते के विकास कार्य के आड़ में जनता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अतिशीघ्र सभी गलियों पर विकास कार्य हो सबसे बुरी हालत राष्ट्रों की है तो मोहननगर की है मोहन नगर में राष्ट्रों के निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए इसकी शिकायत सीधी नगर विकास मंत्री जी से की जाएगी जिस रास्ते पर निर्माण कार्य हो रहा है उस निर्माण कार्य को तेज किया जाए

# निर्माणाधीन विकास कार्यो गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराएं-मुख्य विकास अधिकारी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- निर्माणाधीन विकास कार्यो को तेजी से कराकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से उन्हें पूरा कराया जाय, निर्माणाधीन विकास कार्यो में जिले के ही श्रमिकों को निर्माण कार्य में लगाया जाय ताकि उन्हें रोजी-रोजगार के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और सरकार की मंशा के अनुरूप उन्हें जिले में ही रोजगार मिल सके। जिले में निर्माणाधीन विकास कार्यो में शिथिलता कदापि न बरती जाय और समय सीमा के अन्तर्गत उनको हर हाल में पूरा किया जाय क्योकि निर्माणाधीन विकास कार्यो में यदि समय बढ़ता है कार्यदायी संस्था द्वारा कराया जा रहा है। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष रूपये 10.75 लाख व्यय करते हुए कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कार्यो को पूर्ण कराया जा रहा है। कार्यो को यथाशीघ्र हैण्डओवर करने के निर्देश दिये है। उन्होने कहा है कि जिन परियोजनाओं पर धन का आवंटन अवशेष है, शासन स्तर पर व्यक्तिगत प्रयास कर धन आवंटन कार्य कराया जाय तथा कार्ययोजना को समय पर पूर्ण कराया जाय

# मछली पकड़ने गया युवक पानी में डूबा बबुरी पुलिस कर रही है रेस्क्यू



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- बबुरी चंदौली, शुक्रवार को दोपहर बाद नदी में मछली पकड़ने गया युवक गहरे पानी में डूब गया ग्रामीणों ने काफी तलाश के बाद इसकी सूचना पुलिस वर्क गोताखोरों को दी पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचकर पिछले 2 घंटे से नदी में युवक का तलाश कर रही हैं परंतु अभी तक नहीं मिला पकड़ी गांव निवासी रामदेव सुनकर 40 वर्ष नित्य की भांति चंद्रप्रभा नदी में मछली पकड़ने गया था जो नदी में डूब गया आसपास के लोगों ने पानी में तलाश किया परंतु आ नहीं मिला तो इसकी सूचना पुलिस व गोताखोर को दी घटनास्थल पर काफी भीड़ एकत्र हो गई समाचार दिए जाने तक युवक की तलाश जारी है युवक पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर था तथा उसे 2 पुत्र व तीन पुत्रियां हैं।

# शान्ति व्यवस्था कायम रखने में करे पुलिस का सहयोग-एसीपी शिवा सिंह



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- नवागत एसीपी चेतगंज शिवा सिंह ने आगामी त्यौहार के मद्देनजर सर्किल के थाना क्षेत्र के समस्त व्यापारियों व आमजनमानस से अपील करते हुए कहा की सुरक्षा की दृष्टि से सभी ब्यापारी अपने दुकान मे सी सी क?मरा अवश्य लगवा ले ताकि किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर अपराधियों को तुरंत पकडा जा सक?।और क्षेत्र मे शांति ब्यवस्था कायम रखन? के लिए पुलिस का सहयोग करे। किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु दिखे तो तत्काल आप 112 नम्बर पर सूचित करें।अगर किसी के बहकावे में आकर कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था के साथ कह खिलवाड़ करेगा तो उसके साथ हम सख्ती से पेस आएंगे।

# वो कौन थी जिसकी वजह से विशाल ने दी जान

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- अलीगढ़ में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मूल रूप से फिरोजाबाद का रहने वाला था और यहां किराये पर रहकर टेम्पो चलाता था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पँचनामा की कार्रवाई करते हुए मोर्चरी भेज दिया है। परिजन भी यहां आ गए हैं। परिजनों ने बताया कि मृतक का एक लड़की से प्रेम प्रसंग था, लेकिन वो कौन है इसकी जानकारी नही है। जानकारी के मुताबिक, गिविंद सिंह फिरोजाबाद के गांव गड़ा के रहने वाले हैं। जोकि गाजियाबाद में प्राइवेट नोकरी करते हैं। उनके दो बेटे व बेटी हैं। इनमे 22 वर्षीय बेटा विशाल अलीगढ़ के महुआखेड़ा इलाके के मोहल्ला मिथला पुरी में किराए के मकान में रहता था और टेम्पो चलाता था। पहले अपना टेम्पो चलाता था, लेकिन उसको बेच दिया और फिर टेम्पो भी किराए पर चलाने लगा। उसने जहर खा लिया। तबियत बिगड़ने पर पड़ोसियों को जानकारी हुई है। तत्काल उसको पंडित दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। इसकी जानकारी पड़ोसियों ने परिजनों को दी और यहां आ गए। दोपहर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर इलाका पुलिस पहुंच गई। पिता ने बताया कि विशाल के किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शायद उसी से कहा सुनी के बाद बेटे ने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली। उनको कोई कार्रवाई नही करनी । उसकी मौत की खबर से परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर याद किए गए कर्तव्य के प्रति प्राण निछावर करने वाले पुलिसकर्मी

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- आज पुलिस महकमा पुलिस स्मृति दिवस मना रहा है इस दिवस पर कर्तव्य के प्रति अपने प्राणों को न्यौछावर कर देने वाले पुलिसकर्मियों को याद किया जाता है व श्रद्धा सुमन अर्पित किया जाता है इस संबंध में वाराणसी के चौबेपुर थाना में कार्यरत महिला



उपनिरीक्षक मीतू श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस क्षेत्र के लोगो की दिन रात एक करके रक्षा करती है7 किसी भी देश के लिए पुलिस एक अहम् ताकत है।पूरे देश भर में विश्व पुलिस शहीद दिवस 21 ओक्टुबर को मनाया जाता है7 इस दिन का बहुत महत्व महत्व है7 इस दिन भारत के उन शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजली दी जाती है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए थे7 इस दिन बहुत से जगह शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पण करके उनके बलिदान को याद किया जाता है7

# देश को मुलायम सिंह यादव के सच्चे राष्ट्रवादी और समाजवादी विचारों की जरुरत:तालिब अंसारी

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार में रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव को आज समाजवादी पार्टी श्रद्धांजलि दे रही है मुलायम सिंह यादव एक साधारण किसान परिवार में जन्मे और उन्होंने लंबे संघर्ष के बाद समाजवादी पार्टी की स्थापना की थी। उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सपा नेता हाजी तालिब अंसारी ने कहा कि हिंदुस्तान की राजनीति में समाजवाद का स्तंभ कहलाने वाले मुलायम सिंह यादव एक मात्र ऐसे नेता हैं जिनको हर वर्ग, हर समाज, हर समुदाय और हर राजनीतिक दल से जुड़े नेता दलीय भावना से ऊपर उठकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं उन्होंने कहा कि नेता जी सच्चे राष्ट्रवादी और सच्चे समाजवादी थे उन्होंने देश के दलित, शोषित, पीड़ित, अल्पसंख्यक, किसान, नौजवान, छात्र,म जदूर और अल्पसंख्यक समाज को सामाजिक और राजनीतिक हिस्सेदारी दी उन्होंने हिंदुस्तान की जम्हूरियत और संविधान का तहफ्फुज़ किया। हाजी तालिब अंसारी ने कहा कि नेता जी का सपना था कि इस देश के अंतिम पायदान पर खड़े शोषित पीड़ित व्यक्ति को भी समाज में बराबरी का हक मिले। समाज के सभी लोगों को समान अधिकार,सुरक्षा, मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज मिले। हाजी तालिब अंसारी ने कहा कि अब हम सभी समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि लोहिया और गांधी के सिद्धांतो पर चलकर हम नेता जी मुलायम सिंह यादव के सपनो को पूरा करें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाजवाद का परचम देश के कोने कोने में पहुंचाए आज देश को मुलायम सिंह यादव जैसे सच्चे समाजवादी और राष्ट्रवादी नेता के विचारों और उसूलों की जरूरत है

# विद्यालयों में दीपोत्सव पर सज्जा प्रतियोगिता, मोनिका प्रथम





मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में दीपावली को लेकर शुक्रवार को सरोज एकेडमी ऑफ़ इंटेलिजेंस में सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रा मोनिका ने बाजी मार ली। इसके अलावा माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों में भी शुक्रवार को दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

सरोज एकेडमी ऑफ़ इंटेलिजेंस में दीपोत्सव में सजावट प्रतियोगिता में कक्षा नौ की छात्रा मोनिका प्रथम रहीं। जबकि रानी और रेणुका क्रमश = द्वितीय और तृतीय रहीं। मुख्य अतिथि जीएसटी अधिकारी अनिरुद्ध चौहान ने बच्चों को उपहार बांटे। इस मौके पर प्राचार्य ऊषा चौहान, प्रधान फैजुल्लागंज संध्या चौहान आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने किसान के घर खाया खाना फिर देखी धान की फसल



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को कोल तहसील के गांव हसनपुर में धान की क्राप कटिंग का जायजा लिया। यहां पर इन्होंने भ्रमण कर धान की फसल देखी। इस दौरान उन्होंने गांव के लोगों से भी बातचीत की और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फ़ीडबैक लिया। ग्रामीणों के साथ फोटो भी खिंचवाई। डीएम ने एक ग्रामीण कमल सिंह के घर खाना भी खाया। परिवार के लोगों के साथ बातचीत की।

# जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत बाजारों का किया निरीक्षण



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कुटियाल ने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आज मुरादाबाद के विभिन्न बाजारों एवं क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों एवं आम जन से भी संवाद किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर श्री आलोक कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक नगर श्री अखिलेश भदोरिया, नगर मजिस्टेऊट श्रीमती ज्योति सिंह आदि उपस्थित रहें। मुरादाबाद जिला गंगा समिति के तत्वाधान में आज विकास भवन सभागार में जिला गंगा योजना बनाने के लिए बनी वर्किंग कमिटी की बैठक हुई जिसका आयोजन जिला प्रसाशन तथा डब्लू.डब्लू.एफ इंडिया के द्वारा किया गया। जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के गंगा नदी नोटैफिकेशन 2016 के अनुसार प्रत्येक जिला गंगा समिति को अपने जिले में प्रमुख नदियों के संरक्षण के लिए जिला गंगा योजना तैयार करने को निर्देशित किया गया है। तत्क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला गंगा योजना बनाने के लिए प्रमुख विभागों की एक वर्किंग कमिटी बनाई है जो मुरादाबाद जिले में डब्लू.डब्लू.एफ इंडिया के सहयोग से जिला गंगा योजना बनाएगी। इस योजना के अंतर्गत रामगंगा, ढेला, गांगन और एरिल नदी के संरक्षण पर काम किया जायेगा जिसमे करुला नाले को भी सम्मिलित किया गया है। डब्लू.डब्लू.एफ इंडिया की टीम ने जिले की प्रमुख नदियों पर की गयी स्थिति विश्लेषण के आधार पर प्राप्त जानकारियों को वर्किंग कमिटी के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में इन नदियों की प्रमुख चुनौतियों के बारे में चर्चा की गयी तथा सभी विभागों ने अपने अपने सुझाव दिए जिसके आधार पर जिला गंगा योजना बनायीं जाएगी। इस अवसर पर डब्लू.डब्लू.एफ इंडिया के निदेशक श्री सुरेश बाबू तथा सह- निदेशक श्री नितिन कैशल तथा मुरादाबाद के कोर्डिनेटर डा. आलम उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने की तथा बैठक में वन विभाग से उप-प्रभागीय वनाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार, जिला सांख्यिकीय अधिकारी श्री मो. परवेज, जिला पंचायती राज अधिकारी श्री अलोक कुमार प्रियदर्शी, चिकित्सा विभाग से डिप्टी सीएमओ डा. प्रवीन, नगर निगम से पर्यावरण अभियंता श्री राजीव राठी, उ.प्र. जलनिगम से अधिशासी अभियंता श्री फारेहीम अहमद, भू-गर्भ जल विभाग से अधिशासी अभियंता श्री सौरभ शाह, कृषि विभाग से डीडीए ऋतुषा तिवारी व विजय पाल सिंह, गन्ना विभाग से डीसीओ श्री अजय सिंह, प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से एएसओ श्री एस.एस. चैहान व् अनिल कुमार, सिविल डिफेन्स के श्री नेम सिंह, मत्स्य विभाग से एफ.आई श्री शिवरतन, सिंचाई विभाग से एई श्री योगेश चंद्र तथा जेई बाढ़ खंड श्री दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Rail service concerns

The train service was completely disrupted during the Corona epidemic and has not returned to normal after that. On one hand, while rail fares have increased significantly in the name of premium, on the other hand, on October 20, 138 one-time trains were completely canceled and 37 were partially canceled in many areas. Maintenance has also been counted among the reasons, but is it justified to cancel such a large number of trains in one go? The country is passing through a time of festivals, innumerable people will be dependent on rail services to reach their homes or places of work. When only two-three days are left for Diwali, then cancellation of trains is not only impractical but also inhuman. The maintenance work of the track could have been done even a few days ago. Even a common man can easily understand the trouble caused by cancellation of trains just before festivals like Diwali or Chhath. However, the Railways needs to keep its policies and decisions stable. There is a huge difference in the rental ratio. If the fare in a train is thousand rupees, then the fare for the same distance can be two to three times more in any other train. Even among passengers with different berths in the same train, there can be a big difference in the fare. Is this a system to facilitate passengers or a way to earn maximum? After all, what is the dynamic fare system, which was started by the Railways in September 2016? The dynamic fare system is applicable to over 150 premium vehicles like Shatabdi, Rajdhani and Duronto. The fare in these trains varies with time. It is not easy for common travelers to understand the rationale of this fare system, but common travelers have started to know that now different fares are being collected. There is no other essential service in the country for which such fee has to be paid. Elements like hoarding and black marketing in the earning style of Railways have also been in practice for years in a legal form. Can the government allow similar unequal fares to be charged for other services as well? However, some experts also say that after the privatization of the railways, all that has to be done is already being done by the railway department. Similarly, the facilities available in the train are also uneven and sometimes even after paying the full amount, basic service is not guaranteed. The difference in convenience between the old bogie and the new bogie also pricks the passengers. While catering services are gleaming, the service continues to lose its credibility in terms of fundamental quality and reliability. In spite of complaining, the lack of proper hearing is beginning to be felt. Are we learning anything from countries that have good and accountable rail service? The speed of vehicles is increasing, so it does not mean that the number of premium level vehicles will increase and the normal passenger trains are getting lost. No wonder, 15 per cent seats in premium trains are left vacant due to higher fares and normal trains tend to be overcrowded. Railways should become a means of convenience for the common people, not for earning.

# From Kangana Ranaut to Shilpa Shetty, these beauties make their own Rangoli on Diwali

Different festivals are celebrated in India. Diwali is one of the biggest and sparkling festivals of India. On this day, apart from cleaning their homes, people also light them with diyas and decorate them as well. But the festival of Diwali is incomplete without the thing that is Rangoli. Some people make Rangoli at their home with flowers and colors of many colors.





Bollywood and TV stars also celebrate the festival of Diwali with pomp. Many actors go to each other's house to attend Diwali party. But there are many such actresses who not only decorate their own homes, but on Diwali, they themselves make beautiful Rangoli outside their homes. So let's see without delay which actresses are adept at making Rangoli. Shilpa Shetty- Shilpa Shetty is one such Bollywood actress who celebrates every festival from Ganpati to Diwali and Holi with pomp, whose pictures she shares with her fans on social media.





On Diwali, Shilpa not only cooks food in her house, but also makes Rangoli herself. Kangana Ranot- Kangana Ranot also enjoys festivals to the fullest. During the shooting of Manikarnika, Kangana Ranaut took active part in everything. In a making, she is seen making Rangoli with her co-star Ankita Lokhande. An Actress decorates her house very beautifully on any festival Ankita, who made her Bollywood debut with the film Manikarnika opposite Kangana Ranaut, also celebrates the festival with much fanfare. Ankita Lokhande also loves to make Rangoli on Diwali, she makes Rangoli outside her house every year. Anushka Sharma-Anushka Sharma is not very active on social media, but she becomes active on social media when it comes to spreading awareness. Anushka shared a picture on her Instagram last year. In this picture, she has made a rangoli of flowers outside her house.






Deepika Padukone-Deepika Padukone may be one of the top actresses of Bollywood, but at the same time she is quite domestic. The Bajirao-Mastani actress also makes Rangoli on the special occasion of Diwali. When Deepika Padukone was promoting her film 'Yeh Jawaani Hai Deewani' with Ranbir Kapoor, she made Rangoli Vidya Balan - Bollywood's multi-talented actress Vidya Balan also celebrates the festival of Diwali with pomp. Recently Vidya Balan shared a picture on her Instagram, in which she is sitting near Rangoli and looking very cute wearing a mehndi colored saree with a pink blouse and vermilion.



# दिवाली से पूर्व ही मुहैया कराया जा रहा पोषाहार

## पोषाहार के लिए आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य -जिला कार्यक्रम अधिकारी

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-सरकार के निर्देशानुसार दीपावली से पूर्व ही आईसीडीएस विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को उच्च गुणवत्ता का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। शिशु, गर्भवती, व धात्री महिलाओं एवं अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य व सही पोषण को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आईसीडीएस विभाग द्वारा जिले में टेक होम राशन (पोषाहार) का प्रीति माह वितरण किया जाता है। आईसीडीएस विभाग आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व स्वयं सहायता समूह के सहयोग से सूखा राशन गेहूं दलिया, दाल, चावल व खाद्य तेल वितरित करता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले में अक्टूबर में कुल 2.4 लाख से अधिक लाभार्थियों को पोषाहार वितरित किया जाना है। इसमें से करीब 90 प्रतिशत लाभार्थियों को पोषाहार वितरित किया जा चुका है। त्योहार की लम्बी छुट्टी के चलते शेष लाभार्थियों को भी दिवाली से पूर्व राशन मुहैया करा दिया जाएगा, जिससे कि उनके पास पोषाहार की कमी न होने पाए पीओ ने बताया कि जिले में प्रतिमाह पोषाहार के रूप में गर्भवती व धात्री महिलाओं को 1.5 किलो गेहूं, दलिया, एक किलो चावल व दाल एवं 455 ग्राम खाद्य तेल वितरित किया जाता है। 6 माह से 03 वर्ष के बच्चो को एक किलो गेहूं, दलिया, चावल व दाल एवं 455 ग्राम खाद्य तेल वितरित किया जाता है। 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चो को 500-500 ग्राम गेहूं दलिया,चावल व दाल वितरित की जाती है। इसके अलावा अति कुपोषित बच्चो को 1.5 किलो गेंहू दलिया, चावल व 2 किलो दाल एवं 455 ग्राम खाद्य तेल वितरित किया जाता है। पोषण अभियान जिला समन्वयक संजीव पचौरी ने बताया कि शासन की ओर से दिए जाने वाले पोषाहार (ड्राई राशन) के लिए आधार अनिवार्य कर दिया गया है। जिले में पंजीकृत लाभार्थियों में से 97 प्रतिशत लाभार्थियों का आधार वेरिफिकेशन किया जा चुका है। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि शेष लाभार्थी जल्द अपना आधार वेरिफिकेशन कर लें। जिससे उन्हें भी पोषाहार वितरित किया जा सकेगा।

# सैनिक पड़ाव में पटाका बिक्री के लिए लगने वाले स्टॉल के प्रशासन द्वारा निर्देशन में नियम

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा-आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री के बने शेड में रखे जाएंगे जो इस प्रकार से बंद और सुरक्षित होगा जिससे कि अप्राधिकृत व्यक्तियों की उसमें पहुंच को निवारित किया जा सके। 2- आतिशबाजी की बिक्री की दुकानों के मध्य न्यूनतम 3 मीटर की दूरी होगी तथा सुरक्षित कार्य से 50 मीटर की दूरी रहेगी 3- बिक्री शॉप की दुकानें आमने- सामने नहीं होनी चाहिए तथा एक समूह में 50 से अधिक दुकान अनुज्ञात नहीं की जाएंगी। 4- सैड में या शैडोकी सुरक्षित दूरी के भीतर तेल से जलने वाले लैंप गैस लैंपो,या खुली बत्तीयों का उपयोग नहीं किया जाएगा, विद्युत बत्तीया यदि उपयोग की जाती हैं दीवाल पर या छत पर फिक्स किया जाएगा, प्रत्येक दुकान के स्विच ऑफ को दीवारों पर दृढ़ रूप से फिक्स किया जाएगा और एक मुख्य स्विच के शेड़ो की प्रत्येक पंक्ति में व्यवस्था की जाएगी, ढीले-ढाले तार पूर्णतया प्रतिबंधित है 5- दुकानों से 50 मीटर की दूरी तक किसी भी आतिशबाजी का प्रयोग नहीं किया जाएगा 6- आतिशबाजी की दुकान की अस्थाई दुकानें अज्वलनशील सामानों से बनाई जाए जैसे -लोहे की टीन आदि 7- इस प्रकार की दुकानों को बनाने में किसी भी दशा में टेंट, कनात कपड़े का प्रयोग कतई नहीं किया जायेगा, प्रयोग में लाने वाले के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी 8- दुकानों के परिसर को ह्रश स्मोकिंग जोन रखा जाए.दुकान में खुली आतिशबाजी प्रदर्शित ना करें /ना रखें 9- एसीबी टाइप 2अदद कार्यशील फायर एक्सटिग्युशन व सेंड बकेट / दो कनस्तर एवं वॉटर बकेट तथा पानी एवं पर्याप्त मात्रा में बालू हर समय दुकान पर रखना अनिवार्य होगा 10- स्थल पर माचिस, बीड़ी, लाइट आज ज्वलनशील तरल एलपीजी पदार्थ नहीं रखा जाएगा 1- सुरक्षा हेतु आतिशबाजी स्टील बॉक्स में रखे जाएंगे तथा आतिशबाजी का विक्रय का कार्य नाबालिक बच्चों से न कराया जाए 12- आतिशबाजी बड़े बकेट हैवी बल्ब तेज आवाज के पटाखों की बिक्री पूर्णत वर्जित होगी 13- पटाखों की दुकान लाइसेंस में वर्णित स्थानों पर ही लगाएं जैसे पार्क,आबादी क्षेत्र से बाहर खुले स्थान इत्यादि 14- विस्फोटक नियम 2008 के नियम 78 से 88 तक का सख्ती से पालन करें तथा प्रारूप एल ई 3 व स्थ्र 5 की शर्तों का पालन किया जाए। केप्स को दुकान में ना रखा जाए, ना विक्रय किया जाए 16- केवल अधिकृत आतिशबाजी खरीदे या बेचे जिन पर विनिर्माणता का नाम एवं आतिशबाजी चलाने व उसके विस्तृत निर्देशों हों 17- दुकान का आपातकालीन निकास पूर्ण रूप से खुला हुआ हो एवं उस मार्ग में कोई अवरोध ना हो 18- अधिसूचना संख्या जीएसआर 682 दिनांक 5 10/ 1999 के अनुसार फायर क्रैकर्स की ध्वनि मानकों के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 18/7/ 2005 में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करें 19- विक्रय हेतु भंडार किए गए किसी भी आतिशबाजी में लिथियम, एंटी मनी,मरकरी, आरसैनिक लेड एवं स्ट्रांसियम क्रोमेट के योगिक पदार्थ नहीं होनी चाहिए

# मेडिकल कालेज से हटाये जाएंगे जिला चिकित्सालय के कर्मचारी

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में कार्य कर रहे जिला अस्पताल के तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हटाए वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में कार्य कर रहे जिला अस्पताल के तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हटाए जाएंगे। उनको मेडिकल कालेज से स्वास्थ्य विभाग में भेजने के निर्देश शासन से दिए गए हैं। मेडिकल कालेज में जिला चिकित्सालय, महिला जिला चिकित्सालय के दस चिकित्सकों के सहित 70 प्रथम, द्वितीय और तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। जिसमें से तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मेडिकल कालेज से हटाने के निर्देश शासन से दिए है। इनको हटाने के पीछे शासन ने मेडिकल कालेज में आउटसोर्सिंग स्टाफ पूरा होना बताया है, जिसकी वजह से मेडिकल में लगभग डेढ़ वर्ष से कार्यरत पीएमएस संवर्ग के तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग में भेजे जाने हैं। इसकी सूचना मिलते ही काम कर रहे तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। शासन से अभी तक प्रथम और द्वितीय श्रेणी अधिकारी, चिकित्सकों को हटाने के लिए निर्देश नहीं दिए हैं। शासन ने प्रदेश में निर्माणाधीन सभी मेडिकल कालेज से जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल के तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मी हटाने के निर्देश दिए हैं। अभी शासन से प्रथम, द्वितीय श्रेणी अधिकारी, चिकित्सकों को हटाने के लिए नहीं कहा है।- डॉ. राजेश अग्रवाल, सीएमएस, मेडिकल कालेज पुरुष विंग, एटा। मेडिकल कालेज से जिला अस्पताल के तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हटाकर स्वास्थ्य विभाग में भेजने संबंधी शासनादेश की उनको जानकारी नहीं है। न ही प्राचार्य के स्तर से इस तरह का कोई नोटिस, आदेश जारी किया गया है।-डा. विवेक पाराशर, मीडिया प्रभारी, मेडिकल कालेज, एटा।

# पुलिस द्वारा निराश्रित वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचायी गई सहायता



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा- जनपदीय पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल, जनपदीय पुलिस द्वारा निराश्रित वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचायी गई सहायता, उनकी समस्याओं को सुन दिया गया जल्द निस्तारण का आश्वासन।

जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा आदि त्यौहारों के दृष्टिगत वरिष्ठ नागरिकों के साथ उनकी समस्या व सुझावों के संबंध में बैठक की जा रही थी, इसी दौरान जनपदीय पुलिस द्वारा जानकारी मिलने पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में निवास कर रहे शारीरिक व आर्थिक रूप से अक्षम, निराश्रित वरिष्ठ नागरिकों को दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जनसहयोग से दैनिक उपभोग की वस्तुएँ व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या के निस्तारण हेतु आश्वस्त कराया गया। जनपदीय पुलिस के इस कार्य की वहां उपस्थित लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के हितग्राहियों के खातों में राशि हस्तांतरित होना हुआ प्रारंभ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-20 तक जिले में 27602 आवास स्वीकृत है जिला पंचायत सभाकक्ष में बिंदुवार जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने समीक्षा की। राज्य कार्यालय से प्राप्त डाटा अनुसार 3026 आवास के हितग्राहियों को राशि जारी किया जाना है। जिसमे से 1627 के द्वारा पूर्व में दिए गए राशि के विरुद्ध कार्य पूर्ण करा लिया गया है तथा वर्तमान में उनके खातों में अगले किस्त की राशि हस्तांतरित हो रही है। अब तक 723 हितग्राहियों के खातों में 2 करोड़ 87 लाख 69 हजार की राशि जारी किया गया है।जिला प्रशासन सभी हितग्राहियों से अपील है किया है की यदि हितग्राही जितनी जल्दी प्राप्त राशि के विरुद्ध कार्य पूरा करा लेते है तो उन्हें तत्काल राशि प्रदाय किया जायेगा । इस प्रकार लंबित कुल आवास 1827 है। अगर इनमे से आवास के हितग्राहियों की मृत्यु उपरांत हो चुकी है और उत्तराधिकारी है अथवा नहीं है। दोनो परिस्थितियों में अविलंब संबंधित जनपद कार्यालय से समन्वय स्थापित कर उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें ताकि आवास के स्वीकृति में संशोधन कर उत्तराधिकारी को आवास निर्माण की अगली, शेष राशि प्रदाय की जा सके। समीक्षा के दौरान संज्ञान में आया कि कई हितग्राहियों द्वारा राशि गबन या स्वयं के अन्य कार्यों में राशि खर्च कर लिया गया है जो कि योजना के क्रियान्वयन के नियमों के विपरीत है। इन हितग्राहियों को 15 दिवस का अंतिम अवसर दिया जाता है अन्यथा ग्राम सभा के प्रस्ताव उपरांत जनपद कार्यालय से 03 पेशी तथा राजस्व विभाग में 03 पेशी कराते हुए अंतिम रूप से आरआरसी प्रकरण इनके विरुद्ध तैयार किया जाएगा और राशि की वसूली नियमानुसार की जावेगी। जिले में अब तक 309 हितग्राहियों का आरआरसी तैयार किया जा चुका है तथा 136 हितग्राहियों से राशि वसूल करते हुए, राज्य के नोडल खाते में राशि भेजी जा चुकी है। समीक्षा बैठक के दौरान योजना के जिला समन्वयक दीपक साहू, आवास समन्वयक सुजीत पांडे, सहायक अभियंता मानसी द्विवेदी तथा संबंधित जनपद के विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक (पीएमएवाई, मनरेगा) तथा योजना के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पटाखा व्यापारियों के यहां कार्यवाही, 50 लाख से ऊपर के पटाखे जप्त

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा व अनुविभागीय दंडाधिकारी रवि सिंह के निर्देशन पर राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर शहरी रहवासी क्षेत्र के अंदर अपने घरों पर अवैध पटाखा भंडारण करते पाए जाने पर साथ ही बगैर लाइसेंस और शासन द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में बारूदी फटाके पाए जाने पर जब्ती करते हुए पंचनामा बनाकर पुन: पटाखा व्यापारियों को ही सुपुर्दनामा में दिया गया है। विगत दिनों बुधवार शाम 8 बजे से प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने करवाई प्रारंभ की जो गुरुवार देर शाम तक जारी रही जिसमे 95 किलो से अधिक बारूद व पटाखे और देवी-देवताओं के चित्र व नाम वाले फटाके बेचते हुए पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सुप्रीम कोर्ट, केंद्र शासन, राज्य पर्यावरण व प्रदूषण मंत्रालय और राज्य शासन के आदेशानुसार लड़ी और स्काई शॉट, और अत्याधिक आवाज करने ध्वनि प्रदूषण वाले पटाखों पर पूर्णता प्रतिबंध लगाया है, उसी के तहत पटाखा दुकानों में लड़ी अथवा शॉट बेचते पाए जाने पर दुकान सील कर संबंधित व्यापारी का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए दंडात्मक कार्रवाई कर जेल भेजने चेतावनी और निर्देश जारी की है। इस कार्रवाई के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी संजय राठौर, नायब तहसीलदार हिना टंडन, कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश राठोर, राजस्व निरीक्षक शिव शंकर ठाकुर, सहायक उपनिरीक्षक हीरा लाल साहू, मुख्यालय पटवारी निर्मल तिवारी, प्रधान आरक्षक जय प्रकाश तिवारी, आरक्षक मुकेश शर्मा, मानसिंह सहित काफी संख्या में महिला पुलिस बल के साथ राजस्व टीम सक्रीय रही।

# पटाखा दुकानदारों का औचक निरीक्षण उप जिलाधिकारी व फायर बिग्रेड टीम द्वारा किया गया



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत एसडीएम सौरभ शुक्ला व फायर ब्रिगेड के प्रभारी संजय जयसवाल के द्वारा बीरगंज कस्बे में पटाखा की दुकानें लगने वाली कि निरीक्षण किया गया व रख रखाव के नियम भी बताए गए यहां पर पटाखे की दुकान ही हूं वहां पर आग बुझाने का यंत्र जरूरी है याद नहीं उपलब्ध है तो एक बाल्टी में बारू भरकर रखें जिससे हर खतरे से बच सके और बिना लाइसेंस के पटाखा बेचने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने का भी आश्वासन दिया और बताया कि ज्वलनशील पदार्थ का प्रयोग पटाखा की दुकान के नजदीक न होने दें बीड़ी सिगरेट इत्यादि उपभोक्ताओं को नजदीक न पीने दे अन्यथा पटाखा की दुकान में आग लग सकती है। इस मौके पर जितेंद्र सिंह बीरगंज में करीम की दुकान व जमुनहा में मेंराज की दुकान पटाखा चेक किया गया ।

# बदमाशों ने चौकीदार से की मारपीट लूट ले गए लाखों की शराब

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ थाना क्षेत्र के लोधा क्षेत्र के गांव ककोला के समीप खैर निवासी जितेंद्र कुमार का शराब का ठेका है। वहां पर वह केंटीन चलाता है। रात्रि में ठेके की चौकीदारी करता है। गुरुवार रात्रि में रामनिवास ठेके में सोया हुआ था तभी अज्ञात युवक वहां आ धमके। ठेका दरवाजा तोड़कर बदमाश अंदर घुस गये। चौकीदार के टोक देने पर उससे मारपीट करके करीब 2 लाख 60 हजार रुपये की 80 पेटी शराब की ले गये। बदमाशों के चले जाने के बाद चौकीदार ने ठेका मालिक एवं पुलिस को सूचित किया। चार लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट - सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की एवं चौकीदार को जेएन मेडिकल में भर्ती कराया। ठेका मालिक जितेंद्र कुमार ने अज्ञात चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने बताया कि अज्ञात चार लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। जांच की जा रही है।

# जिले के आमजन के लिए सुख और समृद्धि का उपहार लेकर आए- कलेक्टर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- माँ लक्ष्मी से कामना है कि दीपावली जिले के आमजन के लिए सुख और समृद्धि का उपहार लेकर आए- कलेक्टर इफ्फत आरा

कलेक्टर इफ्फत आरा ने जिले के नागरिकों को धनतेरस सहित प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिस तरह से दीपावली पर्व पर साफ-सफाई पर ध्यान देते हैं, उसी तरह हमेशा घर और अपने आस-पास स्वच्छता पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इस पावन पर्व पर जिले को स्वच्छ रखने का संकल्प लें। दीपावली में मिट्टी के बने दीपकों का उपयोग करें। दीपावली हर्षोल्लास से मनाते हुए केवल हरित पटाखों का ही उपयोग करें। इससे लोकल फॉर वोकल को बल मिलेगा एवं पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। दीपावली में अधिक आवाज वाले तथा हानिकारक पटाखों का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। केवल ग्रीन पटाखे रात 8 से 10 बजे के मध्य चलाएं। प्रत्येक आमजन सुरक्षा का पूरी तरह से ध्यान रखते हुए दीपावली का पर्व मनाएं। माँ लक्ष्मी से कामना है, कि दीपावली जिले के आमजन के लिए सुख और समृद्धि का उपहार लेकर आए- कलेक्टर इफ्फत आरा।

# थाना मल्हीपुर के प्रांगण में पीस कमेटी व आगन्तुक कक्ष का उदघाटन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती द्वारा थाना मल्हीपुर के प्रांगण में आगामी त्यौहार के मद्देनजर पीस कमेटी की मीटिंग तथा आगंतुक कक्ष का उद्घाटन किया गया ।जिसमें महिला और पुरुष के बैठने के लिए अलग-अलग आगंतुक कक्ष बनवाया गया जो जन सहयोग से व थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मल्हीपुर के सौजन्य से आगंतुक कक्ष का निर्माण कराया गया थाने के अंदर आने वाले बैठने की व्यवस्था किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य जनपद श्रावस्ती रहे इस मौके पर क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति तथा उप निरीक्षक आरक्षी चौकीदार मौजूद रहे । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी त्यौहार को भाईचारे के रूप में मनाए और कहीं पर किसी प्रकार की त्यौहार में व्यवधान न आए व पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने अपील किया कि भाई .चारे के रूम में त्यौहार को भई चारे के रुप मे मनाए इसमें किसी प्रकार की कोई ब्यूधान न आये और आप लोगों से मेरा निवेदन है कि यदि किसी क्षेत्र में कोई व्यवधान पहुंचाता है य शंका है तो उसका नाम पुलिस स्टेशन मल्हीपुर में सूचना दें और सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।